राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 certified

(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution Under Deptt. Of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)

फा-42-1(73)/एनआईओएस/प्रशा./2020 दिनांक : 03.05.2020

कार्यालय आदेश सं. 95/2020

गृह मंत्रालय ने आदेश सं. 40-3/2020-डीएम-1(क) दिनांक 01.05.2020 द्वारा (प्रति संलग्न) देश में कोविड-19 की रोकथाम के लिए मंत्रालयों/भारत/राज्य सरकार के विभागों/केंद्र शासित सरकारों तथा राज्य/केंद्र शासित प्राधिकारियों द्वारा किए जाने वाले उपायों पर समेकित संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए। अन्य बातों के साथ-साथ संशोधित समेकित दिशा-निर्देश निम्नानुसार हैं :-

खण्ड 7(छ) सभी सरकारी कार्यालय उप सचिव तथा उससे उच्च स्तर के सभी अधिकारियों की 100% उपस्थिति के साथ काम करेंगे। आवश्यकतानुसार शेष 33% कार्मिक उपस्थित होंगे।

गृह मंत्रालय के उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में, सभी उप सचिवों तथा उससे उच्च स्तर के अधिकारी 04 मई, 2020 से कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित हों। सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे उनके संबंधित ब्यूरो में अन्य अधिकारियों का एक रोस्टर योजना तैयार करें तथा आवश्यकतानुसार किसी भी कार्य दिवस पर 33% तक कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और शेष अधिकारी/कर्मचारी घर से कार्य करना जारी रखेंगे। अन्य अधिकारी जो रोस्टर में नहीं हैं, वे घर से कार्य करेंगे और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ अपने स्टेशन पर ही उपलब्ध रहेंगे।

कार्यालय आने-जाने के दौरान इस कार्यालय आदेश को अपने पास रखें तथा सरकारी कार्यों में उपस्थित होने के लिए जब कभी आवश्यकता हो इसे संबंधित प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। सभी अधिकारियों को अपना कार्यालयी पहचान पत्र अनिवार्य रूप से ले जाना आवश्यक है।

यह सक्षम प्राधिकरी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

गुरदेव सिंह

(गुरदेव सिंह)
उप निदेशक (प्रशा.)

प्रति :

1. सभी विभागाध्यक्ष, एनआईओएस
2. सभी क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र, एनआईओएस
3. अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ उप निदेशक (अ.का.)
4. सचिव, एनआईओएस के सूचनार्थ सचिव के निजी सहायक को
5. संयुक्त निदेशक (प्रशा.), एनआईओएस
6. संयुक्त निदेशक (सीबीसी), एनआईओएस
7. लेखा अधिकारी, एनआईओएस
8. एसए/पी को एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।